हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 5 अगस्त 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

अंतिम सोमवार को शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़
4



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

# ऑपरेशन मुस्कान : 59 अपहृत बालक बालिकाओं को ढूंढ निकाला पुलिस ने

## सकुशल मिलवाया परिजनों से, लौटी मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




जिले में अपहृत बालक बालिकाओं की दस्तयाबी को चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत जांजगीर चांपा जिले की पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है, यहां एक माह के भीतर 59 बालक बालिकाओं को दस्तयाब करके परिजनों से मिलवाया गया है। इसके बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

गौरतलब है कि अपहृत एवं गुम बालक बालिकाओं की पतासाजी के लिए पुलिस मुख्यालय रायपुर के दिशा निर्देशन में प्रदेश भर में ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत जांजगीर चांपा जिले से गुम एवं अपहृत बालक बालिकाओं की दस्तयाबी को लेकर पुलिस कप्तान विजय कुमार पाण्डेय के दिशा निर्देशन में जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी के साथ सायबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा पतासाजी की जा रही थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इसी के तहत जुलाई में आपरेशन मुस्कान चलाकर अधिक से अधिक अपहृत गुम बालक व बालिका को बरामद करने टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में जिला पुलिस जांजगीर -चाम्पा द्वारा गुम इंसान एवं अपृहत बालक व बालिकाओं की दस्तयाबी को लेकर गठित टीम हरियाणा, राजस्थान, तमिलनाडु, जम्मू कश्मीर, बिहार, आंध्रप्रदेश तक पहुंची, जहां से निरीक्षण करने के उपरांत दबिश देकर जांजगीर चांपा जिले से अपहृत कुल 59 बालक बालिकाओं को सकुशल बरामद कर दस्तायाब किया। पुलिस ने बताया कि इनमें 11 बालक एवं 48 बालिकाएं है, जिन्हें सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपूर्द किया गया तथा प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाकी जी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जांजगीर चांपा जिले में बड़ी संख्या में मजदूर दो जून की रोटी के लिए पलायन करते है। ऐसे में बालक बालिकाओं के अपहृत होने की घटनाएं तो होती ही है। ज्यादातर मामलों में अपहृत बालक बालिकाओं की पतासाजी भी दिगर प्रांतों में ही की जाती है और वहीं से उनकी बरामदगी भी होती है। इसके पूर्व भी पुलिस द्वारा चलाए गए ऑपरेशन मुस्कान के तहत जितने बालक बालिकाओं की बरामदगी हुई थी, उनमें से अधिकांश लोग मजदूर तबके से थे और उनकी बरामदगी भी आंध्रप्रदेश, बिहार, जम्मू कश्मीर, तामिलनाडु, हरियाणा, राजस्थान प्रांतों में हुई थी।

## खबर संक्षेप

### किसानों ने पानी नहीं मिलने पर कलेक्टोरेट में जताया आक्रोश

**जांजगीर-चांपा।** केरा ग्राम पंचायत के दर्जनों ग्रामीण सोमवार 4 अगस्त को दो बसों में भरकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। किसानों का आरोप है कि उनके खेतों को सिंचाई के लिए अब तक नहर का पानी नहीं मिल पाया है, जिससे खेतों में गहरी दरारें पड़ गई हैं और फसलें सूखने की कगार पर हैं। किसानों ने बताया कि हर साल समय पर नहर का पानी छोड़ने का वादा किया जाता है, लेकिन इस बार अगस्त माह में भी पानी नहीं मिला है। लगातार बढ़ती गर्मी और सूखे की स्थिति के कारण मक्का, धान समेत अन्य फसलें सूख रही हैं।ग्रामीणों ने जन दर्शन में कलेक्टर से मांग की कि नहर में तुरंत पानी छोड़ा जाए ताकि फसलें बच सकें। उनका कहना था कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### 15 अगस्त तक मछली मारने पर लगेगा जुर्माना

**जांजगीर-चांपा।** मछली पालन विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जिले में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्य उद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 उपधारा -2 (दो) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के नियम-3(5) के अंतर्गत अपराध माना जाएगा, जिसमें एक वर्ष तक का कारावास या दस हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड एक साथ दिए जाने का प्रावधान है।

### 10 को मनाया जाएगा विश्व आदिवासी दिवस

**डभरा।** विश्व आदिवासी दिवस रक्षाबंधन होने के कारण सर्व आदिवासी समाज द्वारा 10 अगस्त को मनाया जाएगा। विदित हो कि 9 को प्रतिवर्ष विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। तहसील डभरा में भी सर्व आदिवासी समाज द्वारा प्रतिवर्ष विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है, लेकिन इस बार 9 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व है। इस कारण डभरा के सर्व आदिवासी समाज द्वारा 10 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने का निर्णय लिया है, जो कि नगर पंचायत डभरा स्थित कृष्णा पैलेश में मनाया जाएगा। आदिवासी समाज के स्थानीय बड़े बुजुर्ग के अगुआई में ही विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जाएगा साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

### कच्ची महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**फगुरम।** पुलिस ने दबिश देकर एक आरोपी के कब्जे से 11 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा है। मामला फगुरम चौकी का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 4 अगस्त को प्रधान आरक्षक अश्वनी सिदार को जरिये मुखबीर सुचना मिला कि ग्राम बरतुंगा निवासी अजयजीत यादव अवैध कच्ची महुआ शराब बिकी करने हेतु अपने घर मे रखा है। पुलिस टीम ने उसके घर में दबिश दी, जहां अजयजीत यादव के कब्जे से एक पीला रंग के 15 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक जरीकेन में भरा मिला।

## जांजगीर में मुख्यमंत्री लेंगे अजा विकास प्राधिकरण की बैठक

# साय सरकार के साथ राजधानी समेत 17 जिलों के अफसरों का होगा जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दो दिन बाद जिला मुख्यालय जांजगीर में साय सरकार के साथ राजधानी के सभी प्रमुख अफसर और 17 जिलों के कलेक्टर व जनप्रतिनिधियों का जांजगीर में जमावड़ा होगा। दरअसल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक होगी। इसको लेकर जिला प्रशासन का अमला तैयारी में जुट गया है।

गुरूवार 7 अगस्त को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन को लेकर जिला मुख्यालय जांजगीर में तैयारी शुरू हो गई है। जिला व पुलिस प्रशासन के साथ पूरा अमला तैयारी में जुट गया है। विभागीय जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक जांजगीर में आयोजित की गई है। इस बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के लगभग सारे मंत्रीगण शामिल होंगे। साथ ही प्राधिकरण के सदस्य विधायक और प्राधिकरण में आने वाले तकरीबन 17 जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के अध्यक्ष और संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। बताया जाता है कि जिला पंचायत परिसर जांजगीर में इसके लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। यहां जिला पंचायत में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में सुबह के समय में अनुसूचित जाति प्राधिकरण की बैठक होगी। जिसमें मुख्यमंत्री सचिवालय व विभागों के सभी सचिव तथा जांजगीर चांपा जिला समेत विकास प्राधिकरण में शामिल 17 जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के अध्यक्ष और प्राधिकरण के सदस्य सभी संबंधित जनप्रतिनिधि इस बैठक में उपस्थित होंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन का अमला पूरी तरह से अलर्ट हो गया है और जिला पंचायत व सर्किट हाउस में बेरिकेटिंग के साथ वॉटरप्रूफ पंडाल तैयार किया जा रहा है।



जिला पंचायत परिसर में सीएम आगमन को लेकर तैयार हो रहा पंडाल।

### सीएम आगमन को लेकर तैयारी में जुटे अफसर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में गुरूवार 7 अगस्त को अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक जिले में प्रस्तावित है। इसे लेकर कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने सोमवार 4 अगस्त को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आवश्यक तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने हेलीपैड, बेरिकेटिंग, मीटिंग से संबंधित प्रेजेंटेशन, माईक, बैठक व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, आवागमन, रोड क्लीयरेंस, प्रवेश पास आदि के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को समय सीमा में कार्य पूरा करने कहा गया। को कहा। बैठक में एएसपी उमेश कश्यप, कमांडेंट विमल बैस, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह, अपर कलेक्टर आर के तंबोली सहित विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गौरव पथ निर्माण में गड़बड़ी, तीन सीएमओ इंजीनियर व ठेकेदार होंगे जिम्मेदार

## नगरीय प्रशासन विभाग ने की कार्रवाई की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

डभरा में गौरव पथ निर्माण कार्य के दौरान गड़बडियां पाई गई है। इसी के तहत तीन सीएमओ, इंजीनियर एवं ठेकेदार पर कार्रवाई को लेकर नगरीय प्रशासन विभाग ने अनुशंसा की है।

गौरतलब है कि डभरा नगर पंचायत में निर्मित गौरव पथ निर्माण में फर्जीवाड़ा किए जाने को लेकर विभाग ने नगर पंचायत के दो पूर्व सीएमओ, वर्तमान सीएमओ, इंजीनियर सहित ठेकेदार को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्यवाही करने के लिए अनुशंसा किया है। नगर पंचायत डभरा में थाना चौंक से शासकीय महाविद्यालय मोड़ तक लगभग दस करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि से गौरव पथ का निर्माण कराया गया है जिसमें नगर पंचायत में पदस्थ तीन सीएमओ, इंजीनियर और ठेकेदार ने मिलकर गौरव पथ निर्माण में भारी भ्रष्टाचार को अंजाम दिया है, जिसकी शिकायत होने पर जांच टीम गठित तीन तीन बार कोर सैंपल लेकर जांच कराया गया। जिसमे हर जांच में निर्माण को स्तरहीन पाया गया और तीन तीन बार कोर सैंपल लैब में फैल पाया गया। इन्हीं सब को लेकर संचनालय नगरीय प्रशासन विभाग इंद्रावती भवन रायपुर से आदेश जारी किया गया है। जिसमें तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी भरत लाल साहू एवं टी आर चौहान, वर्तमान मुख्य नगर पालिका अधिकारी बोधराम दिनकर, इंजीनियर और ठेकेदार मैसर्स श्री बालाजी कंस्ट्रक्शन कंस्ट्रक्शन को जिम्मेदार ठहराया है और उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने को कहा है।



डभरा का गौरव पथ।

### राखी दुकानें सड़क पर लगाई तो होगी कार्रवाई, व्यापारियों की पुलिस ने ली बैठक

**जांजगीर-चांपा।** रक्षा बंधन त्यौहार की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए थाना पामगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र के दुकान संचालको का आहुत मिटिंग थाना पामगढ़ में लिया गया। बैठक दौरान दुकान संचालकों को राखी दुकानें रोड पर नहीं लगाने के संबंध आवश्यक समझाइश दी गई। आवागमन यातायात व्यवस्था बाधित न हो जिसको ध्यान में रखते हुए बैठक आहुत की गई। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में आगामी रक्षा बंधन पर्व की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना पामगढ़ क्षेत्र के दुकान संचालकों का नगर पंचायत पामगढ़ के सीएमओ की उपस्थिति में मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ़ द्वारा मिटिंग आहुत की गई, बैठक दौरान रक्षा बंधन पर्व पर राखी दुकानें रोड पर नहीं लगाने के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। बैठक के दौरान पामगढ़ क्षेत्र के व्यापारी संघ एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## रेस्टोरेंट में शराबखोरी, संचालक पर कार्रवाई

**चांपा।** शहर के लायंस चौक स्थित कंचन रेस्टोरेंट एंड कैफे में देर रात चांपा पुलिस ने दबिश देकर शराब पिलाते लोगों को रंगे हाथों पकड़कर थाने पहुंचाया। यह कार्रवाई तब की गई जब पुलिस को लगातार इस रेस्टोरेंट में अवैध रूप से शराब परोसने की शिकायतें मिल रही थीं।

जानकारी के अनुसार कंचन रेस्टोरेंट संचालक गणेश साहू द्वारा रेस्टोरेंट की आड़ में शराब पिलाई जा रही थी। जैसे ही पुलिस को इसकी पुख्ता सूचना मिली, तुरंत टीम मौके पर पहुंची और छापा मारा। पुलिस ने मौके से शराब पीने और पिलाने वालों को पकड़कर थाने लाया और कार्रवाई की। रेस्टोरेंट के संचालक गणेश साहू के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उसे मुचलके पर छोड़ दिया गया है। साथ ही चांपा पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर दोबारा ऐसी गतिविधि पाई गई, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने रात 10 बजे के बाद दुकान बंद करने के निर्देश भी जारी किए हैं। यह रेस्टोरेंट शहर के एक प्रमुख अस्पताल-मेडिकल, व्यावसायिक और पारिवारिक क्षेत्र लायंस चौक में स्थित है, जहां परिवार अपने बच्चों के साथ खाना खाने आते हैं। ऐसी जगह पर शराब पिलाने जैसी गतिविधि से आम जनता में आक्रोश है।




## घायल युवक का नर्सों ने किया इलाज, डॉक्टर का पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

बीडीएम अस्पताल एक बार फिर अपनी लापरवाही को लेकर सुर्खियों में है। बीती रात चांपा निवासी कृष्णा सहिस उम्र 29 वर्ष को घायल अवस्था में बीडीएम अस्पताल पहुंचे। सिर से खून बह रहा था, पर मौके पर डॉक्टर मौजूद नहीं थे। स्टाफ नर्स ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टर से फोन पर संपर्क कर इलाज शुरू किया और सिर पर चार टांके लगाए।

बताया जा रहा है कि डॉक्टर नवल किशोर धुर्वे रात करीब 11 बजे भाजपा नेताओं के फोन कॉल के बाद ही अस्पताल पहुंचे, अन्यथा वे शायद ही आते। बार-बार की लापरवाही और निरीक्षण के बावजूद डॉक्टरों के रवैये में कोई बदलाव न आने से नगर में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि मांग कर रहे हैं कि इस बार महज जांच और आश्वासन से बात नहीं बनेगी। बीडीएम अस्पताल की व्यवस्था में सुधार लाने के लिए दोषी डॉक्टर और स्टाफ पर सख्त कार्रवाई की जाए।

इस संबंध में सिविल सर्जन एस.कुजुर का कहना है कि बीडीएम अस्पताल में डॉक्टरों की कमी है। वहां एक दो डॉक्टर और भेजेंगे। वैसे तो यहां डाक्टर ऑनकॉल ड्यूटी पर रहते है। कल रात जिस डॉक्टर की ड्यूटी थी उनसे मैं बात करता हूँ ऐसा नही होना चाहिए ।



घायल युवक।

### सेवा के नाम पर सौदा करके हो रहा धर्मांतरण को रोकना सबका दायित्व

# प्रबल ने पखारे पैर, 35 धर्मांतरित परिवारों की सनातन धर्म में वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भाजपा के दिग्गज नेता एवं जशपुर कुमार स्व. दिलीप सिंह जूदेव के सुपुत्र प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने 35 धर्मांतरित परिवार के सदस्यों के चरण पखारकर सनातन धर्म में वापसी कराई। इस मौके पर जशपुर कुमार प्रबल प्रताप ने कहा कि सेवा के नाम पर सौदा करके जो धर्मांतरण कराया जा रहा है, उसे रोकना हम सबका दायित्व है।

सक्ती जिले के जोबा आश्रम में ऑपरेशन घर वापसी के तहत धर्मांतरित 35 परिवारों के सनातन धर्म में वापसी हुई। इस मौके पर जशपुर कुमार प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने सभी के पैर पखारकर सनातन धर्म में वापसी कराई। उन्होंने कहा कि उनके पिता स्व. दिलीप सिंह जूदेव द्वारा धर्मातरित परिवारों के सनातन धर्म में वापसी को लेकर जो ऑपरेशन घर वापसी अभियान चलाया गया था, वे उसे ही आगे बढ़ा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सेवा के नाम पर सौदा करके धर्मांतरण हो रहा है। इसे रोकना हम सबका दायित्व है और सिर्फ धर्मांतरण ही नहीं इसके साथ ही लव जिहाद, गौहत्या जैसे सनातन विरोधी गतिविधियों पर भी रोक लगाना आवश्यक है। यह सभी गतिविधियां सनातन धर्म को कमजोर करती है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरित लोगों की सनातन धर्म मे वापसी के लिए सबको मिल जुलकर काम करना चाहिए। सनातन धर्म मजबूत होगा तभी राष्ट्र मजबूत होगा। कार्यक्रम में ओम बाबा, जिला पंचायत सदस्य आयुष शर्मा, सनातन सेविका अंजू गबेल आदि उपस्थित रहे।





सनातन धर्म में वापसी कराते जशपुर कुमार प्रबल प्रताप सिंह जूदेव।

## स्तनपान के महत्व के बारे में दी गई जानकारी

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर रायगढ़ में शिशु सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी. पटेल ने कहा कि स्तनपान शिशु के पोषण की पहली और सबसे सशक्त कड़ी है, जो न केवल शिशु को कुपोषण से बचाता है, बल्कि उसे कई रोगों से भी प्रतिरक्षित करता है। उन्होंने कहा कि नवजात को जन्म के पहले घंटे में स्तनपान कराना आवश्यक है, जिससे शिशु को कोलेस्ट्रम नामक पहला गाढ़ा दूध मिल सके, जो उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.जी.एस.पैकरा ने बताया कि माँ का दूध बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए सर्वोत्तम आहार है, जिसमें सभी आवश्यक पोषक तत्व उपस्थित होते हैं। यह शिशु को दस्त, निमोनिया, कुपोषण जैसे संक्रमणों से बचाता है और उसके मानसिक विकास में सहायक होता है। शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. सोनाली मेश्राम ने बताया कि स्तनपान से माँ और शिशु के बीच भावनात्मक जुड़ाव भी मजबूत होता है।

## खबर संक्षेप

### देवांगन धर्मशाला में संत रामपाल के आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन



**चांपा।** नगर के देवांगन धर्मशाला में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के एकदिवसीय आध्यात्मिक सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और संत के प्रवचनों का लाभ उठाया। सत्संग के दौरान संत रामपाल महाराज ने कबीर साहेब की वाणी मानुष जन्म दुर्लभ है, मिले न बारम्बार। तरुवर से पत्ता टूट गिरे, बहुर न लगता डार।। के माध्यम से मानव जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने समझाया कि मनुष्य का जीवन बड़े ही पुण्य कर्मों से मिलता है और इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उन्होंने सभी को एक पूर्ण गुरु से नाम दीक्षा लेकर शास्त्रानुसार भक्ति करने की सलाह दी, क्योंकि यही मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य है। संत रामपाल महाराज ने बताया कि सच्चा मोक्ष केवल वही भक्ति विधि दे सकती है जो वेद, गीता और अन्य पवित्र धार्मिक ग्रंथों पर आधारित हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य केवल आध्यात्मिक उत्थान ही नहीं,बल्कि सामाजिक सुधार भी है। सत्संग में पंकज दास महंत, जगतदास, मुकेश पटेल, रामानंद पटेल, चंद्रमोहन दास, राजकुमार गबेल, शांतनु चंद्रा, उमाशंकर साहू, रूपचंद बघेल, देव मधुकर, संतोष दास, भरत यादव उपस्थित रहे।

### नैन अजगल्ले को श्रद्धांजलि देने पहुंचे प्रदेशभर से कांग्रेसी



**मालखरौदा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव सुश्री डॉ नैन अजगल्ले को श्रद्धांजलि अर्पित करने प्रदेशभर से कांग्रेसीजन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दिवंगत सुश्री नैन अजगल्ले को अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही स्व. अजगल्ले को कांग्रेस पार्टी का एक कर्मठ व निष्ठावान सिपाही बताते हुए उनके योगदान के लिए उन्हें याद किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व मंत्री डॉ शिव डहरिया, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ठा. गुलजार सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गिरधर जायसवाल, राईस किंग खुंटे, पिंटू ठाकुर, श्रीमती पूर्णिमा -चंद्रप्रकाश खुंटे, श्रीमती कुसुम लता अजगल्ले, साधेश्वर गबेल, नरेश गेवाडीन, श्रीमती लकेश्वरी -देवा लहरे, अशोक यादव, पार्षद लाला सोनी, हर्षवर्धन - बबलु, मोहनमणि जाटवर शामिल रहे। इस दौरान प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने भी नैन अजगल्ले के द्वारा किए कार्यों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## निधन

### बुद्ध राम केंवट



**बिर्रा।** ग्राम गतवा के वरिष्ठ नागरिक बुद्ध राम केंवट का 65 वर्ष की आयु में 3 अगस्त को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि भतीजे कारण केंवट ने दी। अंतिम यात्रा में परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### अभिषेक काल्विन



**चांपा।** स्थानीय मसीही समाज के प्रतिष्ठित नागरिक एवं ग्राम सिवनी में पदस्थ शिक्षक अभिषेक काल्विन का सोमवार सुबह बिलासपुर के एक निजी हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे 50 वर्ष के थे। स्व. काल्विन अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र एवं एक पुत्री का परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 5 अगस्त को पूर्वान्ह 11 बजे भोजपुर चांदूपारा स्थित बेथेस्दा मेनोनाईट कब्रिस्तान में मसीही विधि विधान से किया जायेगा।

फेमेक्स कार्यक्रम के अंतर्गत आपदा प्रबंधन का हुआ प्रशिक्षण

# हर प्रकार की आपदा में त्वरित और प्रभावी राहत कार्य करती है एनडीआरएफ की टीम



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

फेमेक्स कार्यक्रम के अंतर्गत आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण हुआ। एनडीआरएफ की टीम ने प्राकृतिक आपदाओं से निपटने अभ्यास कराया। साथ ही कॉलेज, स्कूल के विद्यार्थियों और अधिकारियों कर्मचारियों को उपयोगी जानकारी दी गई।

जिला मुख्यालय सक्ती में सोमवार 4 अगस्त को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की उपस्थिति में फेमेक्स कार्यक्रम अंतर्गत आपदा प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम ने किया। कार्यक्रम के तहत एनडीआरएफ की टीम द्वारा परिचयात्मक अभ्यास, सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम और स्कूल सुरक्षा से संबंधित विभिन्न गतिविधियो का अभ्यास कराया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री तोपनो ने कहा कि एनडीआरएफ एक अत्यंत प्रशिक्षित और समर्पित टीम है, जो हर प्रकार की आपदा में त्वरित और प्रभावी राहत कार्य करती है। यह टीम फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में समन्वय बनाकर आपदाओं से निपटने में त्वरित कार्य करती है। उन्होंने बताया कि फेमेक्स कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, स्कूली छात्र छात्राओं, युवाओं ग्राम स्तरीय स्वयं सेवकों सहित सभी वर्ग के लोगों को आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने और आपदा की स्थिति से निपटने के लिए जागरूक एवं प्रशिक्षित करना है। कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ की टीम ने प्रतिभागियों को प्राकृतिक आपदाओं (जैसे भूकंप, बाढ़ आदि), आपदाओं (जैसे आगजनी, दुर्घटनाएं आदि), आपदा प्रबंधन के सिद्धांतों, राहत एवं बचाव कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण में कलेक्टर कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित कॉलेज और स्कूल के छात्र-छात्राए, शिक्षकगण आदि शामिल हुए।

### सीसीई के सुरक्षा में लगे सुरक्षा गाइर्स का हो रहा शोषण

**अकलतरा।** नगर के सीसीआई की चार दिवारी एवं कर्मचारियों की आवासीय कॉलोनी की सुरक्षा के लिए कम्पनी द्वारा सुरक्षा गार्ड रखा गया है जिसके लिए प्रतिवर्ष सुरक्षा गार्ड की पुर्ति के लिए निविदाये होती है जिसमें विभिन्न सुरक्षा सेवा कंपनी के द्वारा निविदा लेकर वहां कार्यरत सुरक्षा गार्ड की आपुर्ति की जाती है, जिसमें वहां पदस्थ अधिकारी द्वारा सुरक्षा गार्डो का शोषण एवं अमानवीय व्यवहार किया जाता है। इन सुरक्षा गार्डो के वेतन एवं सुविधाओं की ओर से श्रम विभाग भी बेखबर है। इन दोंनो स्थानों की सुरक्षा के लिए एक अधिकारी के साथ दो दर्जन से अधिक सुरक्षा गार्ड तैनात किये गये है, जिसमें उक्त अधिकारी के पुत्र एवं साले के साथ उनके प्रांत बिहार के कुछ गार्ड है जो केवल उपस्थिति दर्ज कराते है या कई दिनों तक बिना उपस्थिति दर्ज कराए फर्जी उपस्थिति पर पूरे वेतन लेते है। इतना ही नहीं स्थानीय कर्मचारियों से निर्धारित अवधि से भी ज्यादा कार्य लिया जाता है किन्तु उन्हें कोई ओव्हर टाइम नहीं मिलता। क्षेत्रीय कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित दर न देकर केवल नौ से दस हजार रुपये का प्रतिमाह भूगतान किया जाता है। वहीं कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश भी नहीं दिया जा रहा है।

## मर्यादा का पालन करते हुए भगवान की करनी चाहिए भक्ति : कृष्णाचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



पत्रकारों से चर्चा करते रामकृष्णाचार्य।

■ जिला मुख्यालय के अग्रसेन भवन में पत्रकार वार्ता आयोजित

लोगों को मर्यादा का पालन करते हुए भगवान की भक्ति करनी चाहिए। भक्ति एवं प्रेम के माध्यम से ही भगवान को पाया जा सकता है जो भगवान को प्रिय नहीं वह धर्म नहीं हो सकता।

उक्त बातें राम कृष्णाचार्य ने कहीं। वे जांजगीर के अग्रसेन भवन में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। जांजगीर शहर के अग्रसेन भवन में 3 से 7 अगस्त तक श्री वेंकटेश झूलोन्तसव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसे लेकर सोमवार 4 अगस्त को मध्य प्रदेश के इटारसी से पहुंचे स्वामी रामकृष्णाचार्य ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मर्यादा का पालन कर भगवान की भक्ति करनी चाहिए जो भगवान को प्रिय नहीं वह धर्म नहीं हो सकता। पत्रकारों के द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में आचार्य ने कहा कि महिलाओं को व्यास पीठ पर बैठने की अनुमति वेद नहीं देता। धर्मांतरण को लेकर उन्होंने कहा कि धर्मांतरण को लेकर लोगों को स्वयं सजग एवं सचेत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति एवं धर्म एक ही है। धर्म का पालन करते हुए राजनीति करनी चाहिए एवं प्रजा का पालन अपने बेटे की तरह करना चाहिए। पत्रकार के द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में महाराज ने कहा कि व्यास पीठ पर बैठने का अधिकार ब्राह्मणों को ही है। उन्होंने कहा कि लोगों को माता शबरी का अनुसरण करते हुए भक्ति एवं प्रेम के साथ भगवान की पूजा अर्चना करनी चाहिए। पत्रकार वार्ता के दौरान पंकज अग्रवाल, कैलाश बसईवाल, अंकित बसईवाल, पवन अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, कमल अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संगठन सृजन अभियान को लेकर चर्चा



**नवागढ़।** संगठन सृजन अभियान को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक सोमवार 4 अगस्त को नवागढ़ में हुई। बैठक में विशेष रुप से कार्यक्रम प्रभारी संदीप यादव उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि संगठन सृजन अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई है। कार्यकर्ता इसमें महत्वपूर्ण भागीदारी निभाते हुए इस अभियान को सफल बनाएं। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस महामंत्री गोविन्द केशरवानी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष साहू, दिलदार खान, रामनिवास पाण्डेय, जितेंद्र कश्यप, अजीत बंजारे, दिनेश पाण्डेय, प्रदीप कश्यप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाने बैठक में सर्वसम्मति से लिया निर्णय



**तालदेवरी।** देवकी नंदन झेरिया यादव समाज बिलासपुर संभाग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सामाजिक सांगठनिक बैठक 2 अगस्त को ग्राम-मौहाडीह (लखुर्री) में हुआ। बैठक में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाने का सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कार्यक्रम में राधा-कृष्ण नृत्य प्रतियोगिता, थाली सज्जा प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, सत्र-2025 में 10वीं 12वीं में 70 प्रतिशत से अधिक उत्तीर्ण प्रतिभावान छात्र-छात्राओ का सम्मान, मटका फोड़ प्रतियोगिता होगा। बैठक में सुधीर यादव, प्रमोद यादव, सुरेन्द्र यादव, रामेश्वर यादव, देवचंद यादव, बोध राम यादव, शिव शंकर यादव, रवि शंकर यादव, गौरी शंकर याद, गुलजारी यादव, नम्मू यादव, सरोज यादव, चेतन यादव, मणी शंकर यादव, सुदर्शन यादव, दिल चंद यादव, सुरेश यादव, रथ राम यादव, धजा राम यादव, चूरण यादव, बली राम यादव, बिशेष कुमार यादव, गोवर्धन यादव, दीपक यादव, नरेश यादव, रामधन यादव, गंगा राम यादव, साहेब लाल यादव, देवेन्द्र कुमार यादव, कन्हैया यादव, जोहना यादव, मंगलू यादव, पीतांबर यादव, राम लाल यादव, महारथी यादव, नत्थू लाल यादव, शत्रुहन यादव, प्रेम लाल यादव, भुजबल यादव आदि उपस्थित रहे।



ब्राह्मणों को भोजन कराते महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास।

## दशमीं तिथि पर याद किए गए महंत लाल दास

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

■ नगर के विप्रजन के लिए हुआ ब्राह्मण भोज का आयोजन

शिवरीनारायण मठ के पूर्वाचार्य श्री महन्त लाल दास महाराज को श्रावण शुक्ल दशमी तिथि पर याद किया गया। उनकी पुण्य स्मृति में परंपरागत रूप से ब्राह्मण भोजन का आयोजन किया गया जिसमें नगर के सभी विप्रजन सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर भगवान की विशेष पूजा अर्चना की गई। भोग प्रसाद बनाने में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने स्वयं हाथ बटाया। दोपहर 12:30 बजे भगवान की विशेष पूजा अर्चना की गई। सभी ब्राह्मणों को भोजन के पश्चात तिलक लगाकर विदाई दी गई। इस कार्यक्रम में संत रामगोपाल दास महाराज विशेष रूप से उपस्थित हुए। अपने संदेश में राजेश्री महन्त महाराज ने कहा कि -श्री महन्त लाल दास महाराज शिवरीनारायण मठ के पूर्वाचार्य थे। श्रावण शुक्ल दशमी को वे परलोक सिधार गए तब से उनकी स्मृति में शिवरीनारायण मठ में प्रत्येक वर्ष निर्धारित तिथि पर भोग भंडारा का आयोजन होता है, जिसमें नगर के सभी विप्र जन उपस्थित होते हैं। उन्होंने कहा कि यह सेवा का कार्य है जो परंपरागत रूप से संचालित हो रहा है। भोग भंडारा तैयार करने में सुखराम दास, त्यागी जी महाराज, चित्रकूट से पधारे हुए महात्मा जी एवं अनेक संत महात्माओं तथा मठ मंदिर के विद्यार्थियों ने सेवा का कार्य पूर्ण करने में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर विशेष रूप से मठ मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्य बृजेश केसरवानी, राघवेंद्र प्रताप सिंह तथा निरंजन लाल अग्रवाल, पूर्णेन्द्र तिवारी, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, ज्ञानेश शर्मा, पुरेंद्र सोनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे। सेवा कार्य पूर्ण करने में राम तीरथ दास जी, राजीव त्रिपाठी, टुकाराम वर्मा, गणेश नेताम, भुजंगा, अंकित दुबे, दाऊराम साहू आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

### मनाई गई तुलसीदास मुंशी प्रेमचंद की जयंती

**बिर्रा।** संस्कार भारती जिला इकाई शक्ति के मार्गदर्शन में शारदा संगीत विद्यालय बिर्रा द्वारा 3 अगस्त को आचार्य चाणक्य सभागार बिर्रा में गोस्वामी तुलसीदास एवं मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां भगवती वीणा वादिनी एवं मां भारती मुंशी प्रेमचंद गोस्वामी तुलसीदास जी के तेल चित्र के समक्ष वैदिक मंत्र उपचार के साथ पंडित प्रवीण तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। वक्त के रूप में श्रीमती डॉक्टर सरोजिनी डड़सेना, कृष्ण कुमार देवांगन व्याख्याता , प्रवीण तिवारी मंडल एवं केंद्र घोष प्रमुख (रा.स्व.से.संघ), मोहनलाल कश्यप सेनि लेखापाल रहे। अपने उपाख्यान में पं. प्रवीण तिवारी ने कहा मानस की आरती में हम कहतें हैं कि छयो शास्त्र सब ग्रंथन कोरस भले ही उसका अर्थ रस से हो परंतु मेरे विचार में किसी गीत के उस भाग जिसे पाश्र्व गायकों के द्वारा दोहराया जाता है उसे कोरस कहा जाता है। कार्यक्रम को डॉ. सरोजनी डड़सेना, कृष्ण कुमार देवांगन, मोहन लाल कश्यप ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन मनोज तिवारी ने किया। इस अवसर पर चंदन कश्यप, भूपेंद्र कश्यप,कृष्णोलाल साहू, कृष्ण कुमार देवांगन एवं विद्यार्थियों में सुष्मिता पटेल, देवेंद्र पटेल,प्रज्ञा पटेल,दक्ष कुमार कश्यप उपस्थित रहे।

## जीवन में आगे बढ़ने के लिए निरंतर करें अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ ज्ञानोदय विद्यालय में हुआ प्रतिभावान बच्चों का सम्मान



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं छात्राएं।

ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में विगत वर्ष के पांचवीं, आठवीं, दसवीं और बारहवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र - छात्राओं का स्मृति चिन्ह एवं पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रतिभा सम्मान में सेवानिवृत्त व्याख्याता अमरनाथ यादव एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रमा यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। ज्ञानोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव के मार्गदर्शन एवं श्रीमती मीना यादव और सुमन यादव के नेतृत्व में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विगत वर्षों से ज्ञानोदय विद्यालय की परंपरा रही है कि विद्यालय के प्रतिभावान छात्र - छात्राएं जो कक्षा - पांचवी, आठवीं ,दसवीं एवं बारहवीं की वार्षिक परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करते हैं उन्हें अमरनाथ यादव एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रमा यादव द्वारा अपने पूर्वजों स्व. डी. आर .यादव तथा स्व . डॉ. बी .आर. यादव की स्मृति में राशि एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया जाता है। इस अवसर पर अमरनाथ यादव ने सभी बच्चों को सुभाशीष प्रदान करते हुए कहा कि आप मन लगाकर अध्ययन कीजिए और बड़े-बड़े पद पर पहुंचे। आगे भी निरन्तर विद्यालय परिवार को हमारा समर्थन मिलता रहेगा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव ने कहा कि सभी बच्चों में प्रतिभा समाहित होती है बस बच्चों को सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है जिसके बल पर उन्हें ऊंचाइयों पर पहुंचाया जा सकता है। आप छात्र जीवन में अनुशासन में रहे, आज्ञाकारी बने, निरंतर अध्ययन करें। इस वर्ष प्रतिभा सम्मान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं कक्षा - पांचवी से तोशिया देवांगन , कक्षा - आठवीं से भावना देवांगन ,कक्षा-दसवीं से यशिका देवांगन तथा कक्षा बारहवीं से आयुषी राठौर ने विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की ।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कु. सीमा देवांगन पिता परदेशी निवासी वार्ड क्र. 20, ग्राम-खोखरा, तहसील- जांजगीर, जिला- जांजगीर चांपा छ.ग. का हूँ। तथा मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम कु. सीमा देवांगन पिता परदेशी दर्ज है जो कि मेरा वास्तविक एवं सत्य नाम है, जबकि मेरे आधार कार्ड न. 5473 0650 0993 मे नाम पुष्पा पिता परदेशी जन्म तिथि 01/01/1998 दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण दर्ज है। जिसमें सुधारकर वास्तविक नाम कु. सीमा देवांगन पिता परदेशी जन्म 03/03/2000 दर्ज कराना चाहती हूँ।

दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है अलग अलग व्यक्तियों का नाम नहीं है।

अतः मेरे आधार कार्ड में त्रुटिपूर्ण नाम पुष्पा को सुधारकर वास्तविक नाम कु. सीमा देवांगन पिता परदेशी जन्म 03/03/2000 किये जाने पर किसी संस्था, व्यक्ति निकाय को दावा / आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर दावा / आपत्ति कर सकते हैं। अवधि पश्चात दावा/आपत्ति अमान्य होगा व नाम निर्विवाद मानकर आधार कार्ड में सुधार किया जावेगा।

दिनांक 04/08/2025

भवदीय
कु. सीमा देवांगन पिता परदेशी
ग्राम-खोखरा
मो. न. 6261375340

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चांपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दुरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री, एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- बांझपन, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, नसबंदी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थैरोइड सर्जरी, थायरोइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# वॉर 2 के गाने पर श्रीलंका में ऋतिक ने किया डांस

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी की फिल्म वॉर 2 का पहला गाना 'आवां जावां' रिलीज कुछ ही दिन पहले रिलीज हुआ है। दर्शकों की तरफ से अब तक गाने को अच्छा-खासा रिस्पॉन्स मिला है। इसी बीच अब अभिनेता अपने इसी गाने पर श्रीलंका में हुए एक इवेंट में थिरकते हुए नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में ऋतिक को एक स्टेज पर देखा जा सकता है। ऋतिक-कियारा पर फिल्माए इस गाने को अरिजीत सिंह और निखिता गांधी ने अपनी आवाज दी है। इस गाने की शूटिंग इटली के खूबसूरत शहर टस्कनी और रोम में हुई है।

लाइफ Style



# अनीत
## एयरलाइंस में भी कर चुकी हैं काम

फिल्म 'सैयारा' के जरिए अहान पांडे और अनीत पड्डा ने इंडस्ट्री में डेब्यू किया है। अहान के बारे में दर्शक जानते हैं कि वे फिल्मी परिवार से आते हैं। मगर, अनीत पड्डा एकदम नया चेहरा हैं। दर्शकों की दिलचस्पी यह जानने में भी है कि फिल्म 'सैयारा' में आने से पहले वे क्या करती थीं?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इसका खुलासा उनकी लिंक्डइन प्रोफाइल से हुआ है, जो अचानक से इंटरनेट पर वायरल हो रही है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सैयारा' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हो चुकी है। इसमे लीड हीरो अहान पांडे फिल्मी परिवार से आते हैं। वे चंकी पांडे के भतीजे यानी चिक्की पांडे के बेटे हैं। दर्शक इस फिल्म की हीरोइन अनीत पड्डा की निजी जिंदगी के बारे में जानने को भी उत्साहित है। इसी उत्सुकता के चलते वे अभिनेत्री की सोशल मीडिया प्रोफाइल फॉलो कर रहे हैं। अब इस कड़ी में अनीत की लिंक्डइन प्रोफाइल वायरल हो रही है, जिसमें कई अहम जानकारी हैं। दर्शकों ने अनीत पड्डा का लिंक्डइन अकाउंट खोज निकाला।

इंटरनेट पर वायरल हो रही अभिनेत्री की यह प्रोफाइल उनके दिल्ली विश्वविद्यालय के जीसस एंड मैरी कॉलेज में पढ़ाई के दौरान बनाई गई थी। प्रोफाइल के मुताबिक अनीत पड्डा पॉलिटिकल साइंस की स्टूडेंट रही हैं। हालांकि, बीते काफी वक्त से यह प्रोफाइल अपडेट नहीं है। लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक अनीत पॉलिटिकल साइंस में बीए कर चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने एक एयरलाइंस में इंटर्नशिप भी की।

हॉलीवुड मसाला



# नए शूट में नजर आए टॉम

**लॉस एंजिल्स।** स्पाइडर-मैन के फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। मेकर्स ने स्पाइडर-मैन की आगामी फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे'का फर्स्ट लुक रविवार को रिलीज किया। इस पहली झलक में टॉम हॉलैंड एक बिल्कुल नए सूट में वापसी करते हुए प्रशंसकों से पूछते हैं, 'क्या आप तैयार हैं?' 22 सेकंड के इस फर्स्ट लुक वीडियो की शुरुआत टॉम हॉलैंड को नए स्पाइडर-मैन सूट में दिखाती है। जैसे ही उनके सामने एक बड़ा दरवाजा खुलता है, बाहर से रोशनी अंदर आती है। टॉम उत्साहित नजर आते हैं और फिर नए सूट में फ्रेम के करीब आते हैं।



# एकॉन भारत के तीन शहरों में करेंगे लाइव कॉन्सर्ट...

**मुंबई।** शाहरुख खान और करीना कपूर पर फिल्माया गाना 'छम्मक छल्लो' याद है? वैसे ये गाना हर किसी को याद होगा, क्योंकि 'रा.वन' फिल्म के इस गाने ने उस साल खूब धूम मचाई थी। 14 साल पहले आए इस गाने के स्टेप्स अभी तक छाए हुए थे। इसके सिंगर एकॉन थे, जो अब भारत के तीन शहरों में जल्द ही लाइव परफॉर्मेंस देने वाले हैं। 'छम्मक छल्लो' सिंगर एकॉन राजधानी दिल्ली में 9 नवंबर को धमाल मचाएंगे। इसके बाद वो अगली बार 14 नवंबर को बेंगलुरु में परफॉर्म करेंगे। फिर मुंबई में 16 नवंबर को लाइव परफॉर्मेंस होगी। एकॉन के शो के टिकट पहले से ही देश में सबसे ज्यादा मांग वाले टिकटों में से हैं। एचएसबीसी कार्ड होल्डर्स को 8 अगस्त दोपहर 1 बजे से इन टिकटों की शुरुआती सुविधा मिलेगी, जबकि अन्य लोग 10 अगस्त रात 10 बजे से टिकट खरीद सकते हैं।



# फैंस के प्यार से बेहद खुश हुई मृणाल

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर ने रविवार को सोशल मीडिया स्टोरी पर एक खास पल शेयर किया। जिसमें वह प्रशंसकों के साथ फिल्म की आधी रात की स्क्रीनिंग देख रही हैं। इस पल को उन्होंने अब तक का सबसे अच्छा एहसास बताया।

बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने इंस्टाग्राम स्टोल्मि 'सन ऑफ सरदार 2' के कई वीडियोज और तस्वीरें शेयर कीं। इन सभी वीडियो में मृणाल के फैंस फिल्म को देखकर उत्साहित और खुश नजर आ रहे हैं। वहीं, एक वीडियो में मृणाल भी फैंस के बीच फिल्म का आनंद लेती नजर आईं। स्टोरी में मृणाल ने लिखा, 'सन ऑफ सरदार 2' का मिडनाइट शो देखते हुए तालियां और सीटियां बजीं। अब तक का सबसे अच्छा एहसास। सन ऑफ सरदार 2 को अजय देवगन और ज्योति देशपांडे ने मिलकर बनाया है।



# सौरभ-रणवीर बने कॉमेडी का हिस्सा

**मुंबई।** सौरभ शुक्ला और रणवीर शौरी कई कॉमेडी फिल्मों में रंग जमा चुके हैं, साथ ही क्राइम स्टोरीज वाली फिल्मों का भी हिस्सा रहे हैं। अब ये दोनों एक्टर्स एक डॉर्क गैंगस्टर कॉमेडी में साथ नजर आएंगे। इनकी जल्द रिलीज होने वाली सीरीज बिंदिया के बाहुबली का ट्रेलर भी सामने आ चुका है। ट्रेलर में एक दावन परिवार है, जो बिंदिया नाम की एक जगह के बाहुबली हैं। सीरीज में दावन परिवार के मुखिया यानी बड़ा दावन जब अपना पॉलिटिकल करियर शुरू करना चाहता है तो पुलिस उसे गिफ्तार कर लेती है। अब परिवार बड़े दावन को कैसे जेल से निकालेंगे? इसी पूरे प्लानिंग में कई उल्टी-सीधी घटनाएं होती हैं, जो कॉमेडी का तड़का सीरीज में लगाती हैं। अपने किरदार बड़ा दावन के बारे में बात करते हुए सौरभ कहते हैं, 'यह सीरीज एक ऐसे परिवार की कहानी कहती है, जो सत्ता की चाहत रखता है।

टीवी मसाला



# 27 साल से इंडस्ट्री में एक्टिव कभी नहीं मिला लीड रोल

**नई दिल्ली।** आपको 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' के मशहूर गुलाटी और रिंकू देवी और 'द कपिल शर्मा शो'के इंजीनियर साहब तो याद ही होंगे। इन सभी किरदारों को मशहूर बनाने वाले हैं कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर। सुनील ग्रोवर को इंडस्ट्री में लगभग 27 साल हो चुके हैं। इस दौरान उन्होंने टेलीविजन से लेकर फिल्मों तक में अलग-अलग तरह के कई किरदार निभाए हैं। इन सभी किरदारों को सुनील ग्रोवर ने अपने अभिनय से यादगार बनाया है। हालांकि, ये सुनील ग्रोवर की बदकिस्मती ही रही कि साल 1998 से फिल्मों में नजर आने के बावजूद सुनील ग्रोवर को बॉलीवुड में वो पहचान नहीं मिली जिसके वो हकदार थे। इंडस्ट्री के तीनों खानों- शाहरुख, आमिर और सलमान के साथ फिल्में करने के बावजूद सुनील ग्रोवर को पहचान कपिल शर्मा के कॉमेडी शो से ही मिली। सुनील ग्रोवर एक्टिंग की दुनिया में साल 1995 से एक्टिव हैं और फिल्मों में वो 1998 से नजर आ रहे हैं। इस दौरान वो कई बड़ी फिल्मों में भी नजर आए हैं। जिनमें प्यार तो होना ही था, द लीजेंड ऑफ भगत सिंह, मैं हूं ना, गजनी, भारत और जवान जैसी फिल्में शामिल हैं। सुनील ग्रोवर को दिवंगत एक्टर-कॉमेडियन जसपाल भट्टी की खोज बताया जाता है। इतनी बड़ी फिल्मों में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद सुनील ग्रोवर को बॉलीवुड में कभी वो पहचान नहीं मिली जिसके वो हकदार थे।

## तुलसी की नई बहू की सीरियल में एंट्री, क्या संभालेगी शांति निकेतन की विरासत?

**नई दिल्ली।** सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में अपने परिवार और शांति निकेतन की जिम्मेदारियां अब भी तुलसी बखूबी निभा रही हैं। मगर



उसे चिंता है कि आगे शांति निकेतन की जिम्मेदारी कौन संभालेगा? कौन उसके लिए मददगार बनेगा? इन्हीं सवालों के बीच एक नए चेहरे की एंट्री सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी'में होती है। सोशल मीडिया पर भी कुछ वीडियो, फोटोज वायरल हैं, जिसमें तुलसी की नई बहू की झलक मिलती है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में तुलसी, माता रानी से सवाल करती है? 'कौन बचाएगा मेरे घर को? क्या मैं अपने बच्चों के लिए अच्छी मां नहीं बन सकी? कौन करेगा मेरी मदद?' इन्हीं सवालों के बीच उलझी तुलसी, शांति निकेतन के आगंन में लगे तुलसी के पौधे को बारिश से बचाती हुई दिखती है। आगे वायरल वीडियो में नजर आता है कि एक दूसरी जगह तुलसी के पौधे के आगे नए चेहरे की एंट्री होती है। सुंदर, सादगी से भरा चेहरा लिए एक लड़की नजर आती है। यही होगी तुलसी के घर की नई बहू। दरअसल, यही लड़की तुलसी को एक बड़ी मुश्किल से बाहर निकालेगी।

# महावतार नरसिम्हा की लंबी छलांग सन ऑफ सरदार 2-धड़क 2 पड़ीं बेजान

**नई दिल्ली।** अगस्त के पहले वीकेंड पर कई बड़ी फिल्में रिलीज हुईं, जिनमें से कुछ ने दर्शकों को आकर्षित करने में सफलता पाई, तो कुछ उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं। हालिया रिलीज सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2, सैयारा, किंगडम और महावतार नरसिम्हा की बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

**सन ऑफ सरदार 2 :** अजय देवगन की चर्चित फिल्म सन ऑफ सरदार का सीक्वल दर्शकों के बीच उत्सुकता तो पैदा कर पाया, लेकिन पहले दो दिनों में फिल्म की कमाई औसत ही रही। पहले दिन जहां फिल्म ने करीब 7.25 करोड़ रुपए का कारोबार किया। वहीं, दूसरे दिन की कमाई बढ़कर 7.5 करोड़ तक पहुंची। कुल मिलाकर दो दिन में 14.75 करोड़ रुपए की कमाई करते हुए फिल्म ने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है।

**धड़क 2 :** जाह्नवी कपूर के डेब्यू की अगली कड़ी मानी जा रही धड़क 2 को लेकर युवा दर्शकों में हल्की एक्साइटमेंट थी, लेकिन



बॉक्स ऑफिस पर ये ज्यादा असर नहीं छोड़ सकी। पहले दिन फिल्म ने 3.5 करोड़ और दूसरे दिन 3.75 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। यानी दो दिन में कुल 7.25 करोड़ रुपए की कमाई के साथ फिल्म का ग्राफ धीमा है। समीक्षकों और दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया से साफ है कि फिल्म को लंबी रेस के लिए दर्शकों का समर्थन चाहिए।

**सैयारा :** बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही सैयारा ने अपनी रिलीज के 16वें दिन भी रफ्तार बनाए रखी। फिल्म ने 16वें दिन 6.35 करोड़ कमाए। फिल्म ने अब तक घरेलू स्तर पर 291.35 करोड़ रुपए और वैश्विक स्तर पर 400 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। भले ही अब कलेक्शन में थोड़ी गिरावट आ रही हो, लेकिन फिल्म ने इस साल के रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन में खुद को स्थापित कर लिया है।

**महावतार नरसिम्हा ने रचा इतिहास :** फिल्म महावतार नरसिम्हा जबरदस्त कमाई कर रही है। फिल्म ने पहले हफ्ते में टोटल 44.75 करोड़ कमाए थे। पहले दिन फिल्म ने 1.75 करोड़ कमाए थे। दूसरे दिन 4.6 करोड़, तीसरे दिन 9.5 करोड़, चौथे दिन 6 करोड़, पांचवे दिन 7.7 करोड़, छठे दिन 7.7 करोड़, सातवें दिन 7.5 करोड़ और आठवें दिन 7.7 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म के हिंदी कलेक्शन की बात करें तो पहले हफ्ते में फिल्म ने 29 करोड़ कमाए। वहीं दूसरे शुक्रवार को 5 करोड़ और दूसरे शनिवार 11 करोड़ कमाए।

# कुली के ट्रेलर लॉन्च में पहुंचे आमिर रजनीकांत के छुए पैर

**मुंबई।** चेन्नई में रजनीकांत की फिल्म कुली का ट्रेलर लॉन्च इवेंट हुआ। इस इवेंट में आमिर खान की सरप्राइज एंट्री ने हर किसी को खुश कर दिया। इवेंट से आमिर खान का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में आमिर खान रजनीकांत के पैर छूते नजर आ रहे हैं। साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की अपकमिंग की फिल्म कुली का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। ट्रेलर लॉन्च के बाद से ही फैंस का इस फिल्म को लेकर इंतजार और बढ़ गया है। रजनीकांत की इस फिल्म में आमिर खान भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।



ट्रेलर लॉन्च इवेंट चेन्नई में हुआ। इस इवेंट में आमिर खान ने भी हिस्सा लिया। आमिर खान की सरप्राइज एंट्री से हर कोई खुश हो गया। सोशल मीडिया पर आमिर खान के इस इवेंट के कुछ वीडियोज वायरल हो रहे हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के दो गाने रिलीज किए जा चुके हैं। इस फिल्म में आमिर खान के किरदार का नाम दाहा होगा। फिल्म में रजनीकांत एक गोल्ड तस्करी करने वाले का किरदार निभाएंगे। उनका नाम देवा होगा।

## कटहलः ए जैकफ्रूट मिस्ट्री ने बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड किया अपने नाम
# विधायक जी का कटहल चोरी न हुआ होता तो ये कमाल कैसे हो पाता

*नई दिल्ली। 71 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा के दौरान एक ऐसी फिल्म का नाम लिया गया जो साल 2023 में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी। ये एक मनोरंजक व्यंग्यप्रधान सामाजिककॉमेडी थी। इस फिल्म का नाम है 'कटहल: ए जैकफ्रूट मिस्ट्री', जिसे यशोवर्धन मिश्रा ने निर्देशित किया है। ये फिल्म उत्तर प्रदेश के एक काल्पनिक कस्बे मोबा की राजनीतिक और सामाजिक हलचलों को एक अनोखे अंदाज में पेश करती है। कहानी की शुरुआत एक विधायक के बाग से दो दुर्लभ कटहल की चोरी से होती है, जिसे लेकर पूरा थाना सिर पर उठा लिया जाता है। लेकिन, असली रहस्य एक माली की गुमशुदा बेटी के इर्द-गिर्द घूमता है। फिल्म की कहानी में कई मोड़ आते हैं। कटहल: ए जैकफ्रूट मिस्ट्री ने बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड अपने नाम किया।*

### कहानी क्या है?

उत्तर प्रदेश के काल्पनिक कस्बे मोबा में एक विधायक (विजय राज) की हवेली से दुर्लभ अंकल हॉन्ग प्रजाति के दो कटहल चोरी हो जाते हैं और पूरा थाना उनकी खोज में लग जाता है। हालांकि असली मुद्दा कहीं और है। पुलिस पर भारी दबाव डाला जाता है कि चोरी हो गया कटहल जल्द ढूंढे, वरना विधायक थाने को आग लगा देने की धमकी देता है। इंस्पेक्टर महिमा बसोर (सान्या मल्होत्रा) इस केस की जिम्मेदारी संभालती है, लेकिन जल्द ही उसे पता चलता है कि वास्तविक मामला एक माली की बेटी अमिया के अपहरण से जुड़ा है। पुलिस प्रशासन कटहल चोरी को प्राथमिकता दे रहा है जबकि जिंदगी की असली कहानी कुछ और है। महिमा उसी का पता लगाने निकल पड़ती है। इस बीच कांस्टेबल सौरभ द्विवेदी की जिंदगी भी उलझी होती है। उनकी रिपोर्टिंग महिमा का होती है, जो उसकी गर्लफ्रेंड भी है। दोनों की प्रेम कहानी भी सीनियर-जूनियर के फेर में उलझी रहती है और शादी तक नहीं पहुंच पा रही होती।



**फिल्म में है दमदार कास्ट :** इंस्पेक्टर महिमा बसोर के रोल में सान्या मल्होत्रा नजर आ रही हैं। इसके अलावा कांस्टेबल सौरभ द्विवेदी अनंत वी जोशी हैं। वो महिमा के प्रेमी के रोल में हैं, जो एक ऊंची जाति के हैं और नीचली जाति की लड़की से प्यार करते हैं। विजय राज, विधायक मुन्नालाल पटेरिया, कटहल मालिक के रोल में हैं। राजपाल यादव, पत्रकार अनुज संघवी के रोल में हैं, जो रिपोर्टिंग के जरिये महिमा को न्याय की दिशा दिखाता है। ब्रिजेंद्र कला, नेहा सराफ, रघुबीर यादव और अंबरीश सक्सेना जैसे सितारे भी अहम किरदार निभा रहे हैं।

### फिल्म का भाव

ये फिल्म एक व्यंग्यात्मक प्रस्तुति थी। कटहल जैसे मामूली चोरी को एक बड़े अपराध की तरह दिखाकर फिल्म समाज और प्रशासन की विसंगतियों पर कटाक्ष करती है। जातीय और सामाजिक तनाव को फिल्म में दिखाया गया है, जहां महिमा को निचली जाति की होने की वजह से लगातार भेदभाव का सामना करना पड़ता है, बखूबी दिखाया गया है कि कैसे सिस्टम की प्राथमिकताएं गलत दिशा में होती हैं। पावर गेम और भ्रष्ट प्रशासन की झलकियां भी इस फिल्म में दिखाई गई हैं। विधायक का दबदबा, पुलिस का लालच और जनता की अपेक्षाएं सभी को मिलाकर फिल्म ने ताकतवर संरचनाओं की आलोचना की है। बता दें, 'कटहलः ए जैकफ्रूट मिस्ट्री' 19 मई 2023 को वैश्विक प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इसे अभी भी आप स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## स्थापना दिवस पर एक पेड़ मां के नाम किया गया पौधरोपण




**अकलतरा।** सामाजिक संस्था यूथ इंडिया क्लब अकलतरा के 10 वें स्थापना दिवस के अवसर पर यूथ इंडिया क्लब अकलतरा एवं शास. डॉ. इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा के संयुक्त तत्वाधान में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन एन. एस. एस. उद्यान, शासकीय डॉ. इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा में किया गया। कार्यक्रम में नीम , पारसपीपल, अमरूद, छीताफल, नींबू , पपीता, आम, गुलमोहर, आंवला, जामुन आदि फलदार एवं छायादार पौधे रोपे गये। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से शासकीय डॉ. इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा के प्राचार्य डॉ. मनेन्द्र मेहता, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उपेन्द्र वर्मा, आईक्यूएसी प्रभारी - डॉ. यू. एन. कुर्रे, यूथ इंडिया क्लब अकलतरा के अध्यक्ष मन्नू थवाईत, उपाध्यक्ष राजा बाबू पाण्डेय, मीडिया प्रभारी हरिशंकर कंवर, सदस्य मनोज साहू , दीपक साहू , सुगीत पाण्डेय, संस्था के सदस्यगण एवं महाविद्यालय के एन. सी. सी. कैडेट, एन. एस. एस. के स्वयंसेवक महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं स्टाफ के द्वारा पौधा रोपण किया गया।

## हनुमत दर्शन महायोग पर सुन्दर काण्ड पाठ आज

**जांजगीर-चांपा।** भगवान भोलेनाथ महादेव के ग्यारहों रुद्र के अवतारी रामभक्त हनुमान की 5 अगस्त को पड़ने वाले मंगलवार को विषेश हनुमत दर्शन महायोग होगा। पं किरण कुमार मिश्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुजारी जांजगीर ने जानकारी दी की काशीविश्वनाथ हिन्दु पंच्चाग मतानुसार सावन मास के अंतिम मंगलवार 5 अगस्त को हनुमान जी के इस विषेश हनुमत दर्शन महायोग के अवसर पर हनुमान जी को चोला वंदन सेन्दुर अर्पण करें। हनुमान जी को भीगे चना एवं रोट चुरमा का प्रसाद अर्पण करें। हनुमान जी को दो ध्वजा अर्पण कर एक ध्वजा अपने निवास स्थान पर लगावे हनुमान चालिसा का पाठ करें। सभी भक्तजन अपने ग्रहदोष बाधा के निवारण के लिऐ सावन मास के अंतिम मंगलवार को एक सरसो तेल का दीपक लौग युक्त हनुमान जी को दीप दान करें। इस दिवस हनुमान जी का अवस्य दर्शन करें। सायकाल 7 बजे सेन्दुराभिषेक, 7:30 बजे हनुमान जी की 31 महाज्योति से महा आरती की जाएगी। साथ ही रात्रि 8 बजे से सामुहिक सुन्दर काण्ड का पाठ किया जाएगा।



## डायरिया की रोकथाम के लिए निकाली गई जागरूकता रैली



**बिर्रा।** विकासखंड बम्हनीडीह संकुल सेमरिया के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया के छात्र-छात्राओं व शिक्षको द्वारा जल जीवन मिशन के तहत बरसात में फैलने वाली डायरिया रोकथाम अभियान के अंतर्गत ग्राम के स्कूल पारा,बजरंग बली चौक,महामाया चौक, ठाकुर देव मोहल्ला,सड़क पारा में जागरूकता रैली द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता, शुद्ध पेयजल एवं स्वस्थ जीवन शैली के महत्व पर जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों को डायरिया से बचाव के उपाय, हाथ धोने की सही विधि तथा दैनिक जीवन में स्वच्छता बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे, शिक्षक पीतांबर कश्यप,एकादशी मांझी ने जानकारी दी। प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को जल जनित रोगों से बचाने और बीमारियों की रोकथाम हेतु स्वच्छ जल व स्वच्छता के प्रति प्रेरित करना था।

## सांसद ने कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत के लिए रामचंद्र को बनाया प्रतिनिधि

**सक्ती।** संसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय रामचंद्र को जिला पंचायत, जिला योजना मंडल एवं कलेक्टर स्तर पर आयोजित होने वाली समस्त समीक्षा बैठकों में शामिल होने के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। संजय रामचंद्र लगभग 30 वर्षों से राजनीति में सक्रिय है। पूर्व में पार्षद, नगर पालिका अध्यक्ष और जिला पंचायत के सदस्य रह चुके हैं। लंबे समय से भाजपा के संगठन में भी सक्रिय हैं। श्री रामचंद्र भाजपा संगठन में व्यापारिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक, भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री पद तथा जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के पद पर वर्षों से कार्य करते आ रहे हैं। श्री रामचंद्र की नियुक्ति से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है।



### जगह-जगह निकाली गई कांवड़ यात्रा, जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक का चलता रहा दौर

# अंतिम सोमवार को शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जांजगीर-चांपा

जिले सहित अंचल के शिव मंदिरों में सावन मास के अंतिम सोमवार पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। खरौद, पीथमपुर, नवागढ़, तुर्रीधाम सहित अन्य शिवालयों में तड़के 4 बजे से लेकर दोपहर तक भगवान शिव की पूजा-अर्चना के अलावा जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक का दौर चलता रहा। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालु की भीड़ को देखते हुए मंदिर के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था।

धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान शिव को श्रावण मास अत्यंत प्रिय है। सोमवार को भगवान शिव का वार माना जाता है। ऐसे में श्रावण मास के सोमवार को भगवान शिव के दुग्धाभिषेक या जलाभिषेक के साथ ही पूजा-अर्चना को अत्यंत फलदायी माना जाता है। 4 अगस्त को श्रावण मास के अंतिम सोमवार पर जिला मुख्यालय जांजगीर के सेंधरवार महादेव, नहरिया बाबा मार्ग स्थित शिव मंदिर के अलावा, चांपा नगर के विभिन्न शिवालयों सहित समीपस्थ ग्राम पीथमपुर के भगवान कलेश्वर नाथ मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने तड़के से लेकर दोपहर तक श्रद्धालुओं विषेशकर महिलाओं का तांता लगा रहा। इसी तरह लक्ष्मणेश्वर धाम खरौद, लिंगेश्वर महादेव नवागढ़, सक्ती के तुर्रीधाम में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। लोगों ने श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजा की। इस दौरान भक्त अपने हाथों बेलपत्र, चॉवल, घतुरा फूल, नारियल समी पत्र सहित जल से भगवान शंकर की पूजा अर्चना की। सावन में होने वाले सोमवारो का हिंदू धर्म और मानव जीवन में बड़ा ही महत्व है। धर्म की माने तो मां पार्वती सावन सोमवार को भोलेनाथ और वरदानी शिवजी का उपासना करती थी स्वयं शिव की प्राप्ति के लिए सावन सोमवार को शिव का उपासना करने और जलाअभिषेक करने वाले भक्तों का मनोकामना पूर्ण होता है, जो युवती कुंवारी अवस्था में भगवान शिव की उपासना कर जलाभिषेक करती है उनके मनचाहा वर मिलता है और शादीशुदा जनमानस को शिव की कृपा से उनके जीवन में भी धन-धान्य उन्नति प्रगति बनी रहती है। व्यवस्था बनाने पुलिस के साथ मंदिर प्रशासन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य जुटे रहे।



भगवान भोलेशंकर की पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

## शबरी चौक के पास शिव भक्तों के लिए युवाओं ने किया प्रसाद वितरण

**शिवरीनारायण।** भगवान शिव की भक्ति का पावन मास सावन के अंतिम सोमवार को देखते हुए नगर के युवकों की टीम द्वारा नगर सहित बाहर से आए शिव भक्त कावड़ियों के लिए प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर के बस स्टैंड शबरी चौक के पास रविवार की शाम को भक्तों को खीर,पुड़ी और सब्जी का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने भाव पूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।सावन का अंतिम सोमवार होने के कारण रविवार को बड़ी संख्या में शिव भक्त धार्मिक नगरी शिवरीनारायण पहुंचे थे। कावड़ियों की टोली शनिवार से ही त्रिवेणी संगम में जुटने लगी थी।सभी कावड़ियों ने कावड़ में पवित्र जल भरकर जलाभिषेक के लिए लक्ष्मणेश्वर मंदिर खरौद,लिंगेश्वर महादेव नवागढ़ एवं परसाही के भोलेनाथ मंदिर की ओर रवाना हुए।।नगर में शिव भक्तों का आगमन शनिवार से शुरू हो गया था।भक्तों कोप्रसाद वितरण करने वाले युवकों में यशवंत केशरवानी,रवि कटकवार,सचिन मिश्रा, प्रीति रोहिदास, खिलावन आदित्य, पार्षद ओम प्रकाश साहू,राजू रजक,लक्ष्मण केवट,यशस्वी केशरवानी,सुवन्या केशरवानी सहित अन्य लोग शामिल थे।



## सुबह से मंदिरों में देखने को मिली भक्तों की लंबी कतार

**देवरी-सारागांव।** सावन के आखिरी सोमवार के अवसर पर 4 अगस्त को नगर पंचायत सारागांव, ग्राम देवरी, सोनियापाठ, अमरुवा, कुम्हारीकला, कड़ारी, हनुमंता, लछनपुर, बघौदा, कुम्हारीखुर्द, चोरिया, पचोरी सहित अनेक गांव के शिवालय के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही। सावन का महीना भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए विशेष महत्व रखता है, और इस दिन को विशेष रूप से शिवभक्त बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाते हैं। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिली। कई भक्तों ने अपने मनोकामना पूर्ण के लिए लोट मारते हुए शिव मंदिर पहुंचे। पूजा के लिए भक्तगण जल, बेलपत्र, धतूरा, दूध, दूर्वा, चावल, चंदन सहित अन्य पूजा सामग्री लेकर मंदिरों में पहुंचे। शिवालय के पुजारियों के अनुसार, इस दिन की पूजा से भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कई गांव के शिव मंदिरों में विशेष आरती और भंडारे का आयोजन किया गया है। कुछ मंदिरों में रात भर शिवभजनों का आयोजन भी किया गया। सावन के आखिरी सोमवार की इस भक्तिपूर्ण माहौल में हर ओर 'हर हर महादेव' के जयकारों की गूंज सुनाई देखने को मिली और शिवभक्त भगवान शिव के आशीर्वाद की प्राप्ति के लिए श्रद्धा से मत्था टेकते रहे।



## बोल बम, हर-हर महादेव एवं ओम नमः शिवाय से गूंज उठा पूरा क्षेत्र

**हसौद।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार को हसौद क्षेत्र में शिवभक्ति का भव्य आयोजन देखने को मिला। भक्तों की भीड़, कांवड़ यात्रा, प्रसाद वितरण और भजन-संध्या ने पूरे क्षेत्र को शिवमय बना दिया। रविवार 3 अगस्त की रात से ही हसौद और आसपास के गांवों से श्रद्धालु कांवड़ लेकर बरेकेल महानदी पहुंचे। वहां स्नान कर पवित्र जल भरकर शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया गया। हसौद के बस स्टैंड, बजरंग चौक, मिलन चौक, परसदा चौक और बरेकेल में शिवभक्तों के स्वागत के लिए चाय, खीर, पकोड़े सहित प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। हसौद के मिलन चौक में भगवान शिव की आकर्षक मूर्ति स्थापित की गई, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रही। शिरकत कर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने भक्ति भाव से भरे माहौल में डीजे की भक्ति धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। 'बोल बम', 'हर हर महादेव', 'ओम नमः शिवाय' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धतूरा, आक, फल, मिष्ठान और भांग अर्पित कर भगवान शिव से मनोकामना पूर्ण करने की प्रार्थना की।

## तुस्मा में श्रद्धालुओं को खीर पुड़ी का किया वितरण

**तुस्मा।** सावन माह के पवित्र सोमवार के अवसर पर सतनामी मोहल्ला में युवाओं ने श्रद्धालुओं के बीच खीर-पुड़ी प्रसाद वितरण किया। सुबह से ही मोहल्ले में भोलेनाथ के जयकारों की गूंज सुनाई देने लगी। युवा वर्ग ने स्वयं अपने हाथों से प्रसाद तैयार किया और शिव भक्तों को प्रेम पूर्वक प्रसाद वितरित किया। सावन सोमवार को विशेष रूप से भगवान शिव की आराधना का महत्व होता है,और इस मौके पर भक्तगण व्रत-उपवास रखते हुए मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। ऐसे में सतनामी समाज के युवाओं की यह सेवा भावना युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। प्रसाद वितरण कार्यक्रम में मोहल्ले के युवा और बच्चों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। समाज के वरिष्ठ जनों ने भी युवाओं की इस सेवा को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस बीच गुलशन लहरे, महाबली बंजारे साहिल बंजारे, जितेंद्र पंकज, तुषार बंजारे मौजूद रहे।



## बिजली की आंख मिचौली व लो वोल्टेज से उपभोक्ता परेशान

**बिर्रा।** बिजली की आंख मिचौली व लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण परेशान है। धीवर मुहल्ला व घनवापारा के लोग अघोषित कटौती व पानी की किल्लत के साथ ही दोहरा मार झेलने मजबूर हो रहे है। बावजूद इसके मंडल के अधिकारी कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे है। बिजली की आंख मिचौली व लो वोल्टेज बढ़ती जा रही है। मजेदार बात यह है कि मोहल्ले के एक तरफ पूरा लाइट रहता है तो दूसरी तरफ आधे उपभोक्ता को लो वोल्टेज से परेशान रहते है। शिक़ायत करने पर सुनने वाला कोई नहीं है। बिर्रा सब स्टेशन में इन दिनों रामराज्य माहौल है। यहां अधिकारी भी नहीं रहते है। तेरह गांवों के लिए गिने चुने लाइन मेन है, लेकिन रात्रि में उपभोक्ताओं का सुनने वाला कोई नहीं है। बिर्रा सब स्टेशन के बिर्रा, देवरानी, सिलादेही,मौहाडीह गत्वा,बोरसी के उपभोक्ता अघोषित बिजली की आंख मिचौली बिजली आपूर्ति की पोल खोल रही है। अघोषित कटौती से लोगो को दिन व रात में में चैन नहीं मिल रहा है। वहीं पानी संकट की समस्या भी उठ खड़ी हुई है। बिजली कटौती से लोगों में आक्रोश है। दिन ही नहीं बल्कि रात में भी बिजली कट लगने लगे है। इसी के साथ लो वोल्टेज एवं बिजली गुल होने की शिकायतें बढ़ रही है। पिछले कई दिनों से अघोषित बिजली की कटौती हो रही है। बिजली कब आए और कब चली जाए कुछ नहीं कहा जा सकता। लोगों का कहना है लो वोल्टेज के कारण पंखे,कूलर व टीवी ठीक से नहीं चल पा रहे। वहीं सांप, बिच्छू व मच्छर का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि बिजली लोड बढने के साथ ही फाल्ट भी हो रहे है।

## हैंडपम्प में नहीं डला क्लोरिन, सता रहा बीमारी का डर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहेराडीह

- सालभर से गायब है हैंडपंप टेक्निशियन, सुशासन तिहार में शिकायत के बाद कार्यवाही नहीं

बरसात के मौसम में लोगों को जल जनित बिमारियों से बचाने के उद्देश्य से पीएचई विभाग द्वारा हैंडपम्प टेक्निशियन के माध्यम से गांव के सभी हैंडपम्प, ट्यूबवेल में क्लोरिन डाला जाता है, मगर जिले में बहेराडीह एक ऐसा गांव है, जहां पर पीएचई विभाग का हैंडपम्प टेक्निशियन सालभर से गायब है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत सुशासन तिहार में किया, लेकिन अभी तक इस दिशा किसी प्रकार की कोई पहल नहीं हुई है।

बलौदा ब्लॉक के जाटा पंचायत के आश्रित ग्राम बहेराडीह में सालभर से पीएचई विभाग के हैंडपम्प टेक्निशियन गायब है। इसकी शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में ही नहीं बल्कि वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने राज्य सरकार द्वारा चलाई गईं सुशासन तिहार में बाकायदा लिखित रूप में ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराते हुए लम्बे समय से फिल्ड से नदारत हैंडपम्प टेक्निशियन पर कार्यवाही की मांग किया था, लेकिन अभी उनके इस शिकायत पत्र किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं किया गया है । इससे नाराज आवेदनकर्ता ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को इस मामले से अवगत कराने का निर्णय लिया है।



**जल बहिनी और जल सेवक का पता नहीं**-ग्रामीण क्षेत्र में पीएचई विभाग के द्वारा प्रत्येक ग्राम ग्राम पंचायतो में जल बहिनी और जल सेवक बनाई गईं है। उन्हें विभाग द्वारा बाकायदा प्रशिक्षण और पेयजल की पीएच मान को जांच कर पीने योग्य तथा दूषित पानी निकलने वाले हैंडपम्प पर लाल रंग की पट्टी लगाने, विभाग के हैंडपम्प टेक्निशियन के सहयोग से बरसात के पूर्व हेंडपम्प, ट्यूबनल में क्लोरिन डालने, जागरूकता लाने दीवाल लेखन कराने हेतू किट वितरण किया गया है। किट वितरण में ही विभाग ने लाखों रूपये खर्च किया है, किन्तु जिले के प्रत्येक पंचायत में चयनित जल बहिनी और जल सेवक कौन है। इसकी भी जानकारी ग्रामीणों को नहीं है।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं, मिले 80 आवेदन



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिले के नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को सुना। जनदर्शन में कुल 80 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में तहसील मुख्यालय सारागांव निवासी पवन सिंह द्वारा निराश्रित पेंशन दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने उप संचालक समाज कल्याण को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नगर पंचायत खरौद निवासी आसा प्रकाश यादव द्वारा राशन कार्ड से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर जिला खाद्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आज जनदर्शन में पीएम आवास योजना, आर्थिक सहायता, ऋण प्रदाय सहित अन्य विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए।

## भाजपा सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए सौरभ सम्मानित

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सौरभ सिंह को भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करते हुए लक्ष्य पूर्ण करने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के द्वारा स्मृति चिन्ह एवं भगवा गमछा पहनकर सम्मानित किया गया।

इस सम्मान पर सौरभ सिंह ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए गौरव की बात है। मैंने एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में अपनी पार्टी को मजबूत करने के लिए सहभागिता निभाई। देश में भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें कार्यकर्ताओं को पार्टी के प्रति समर्पण को देखकर उन्हें जिम्मेदारी दी जाती है।भाजपा संभवतः अकेला ऐसा राजनीतिक दल है, जो हर तीसरे साल स्थानीय समिति से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक के नियमित चुनाव कराता है। यही वजह है कि चाय बेचने वाला युवक देश का प्रधानमंत्री बना है और इसी तरह सभी प्रतिभावान लोगों का पार्टी के अलग-अलग स्तरों से लेकर चोटी तक पहुंचना संभव होता रहा है।



## विधायक ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अकलतरा

विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने ग्राम अमोरा लोडर कॉलोनी के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिया आवश्यक निर्देश। कुछ दिनों पूर्व लगातार बारिश होने के बाद ग्राम अमोरा के लोडर कॉलोनी सहित अन्य कई स्थानों पर बाढ़ आ गई थी जिसके चलते क्षेत्र के लोगों को परेशानियों सामना करना पड़ा था। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र के लोगों से चर्चा कर उनके नुकसान की जानकारी ली गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बाढ़ नियंत्रण हेतु चर्चा व पानी निकासी के लिए नालों की सफाई सहित विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा किया।


निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते विधायक राघवेन्द्र सिंह।

### 50 नग एलईडी लाइट खरीदकर नगर पंचायत को सौंपा

# पार्षदों की पहल से जगमगाएगा शिवरीनारायण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ शिवरीनारायण

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण के नगर पंचायत के करीब 15 पार्षदों की अनोखी पहल से अब धार्मिक नगरी जगमगा उठेगा। ज्ञात हो कि नगर के पार्षदों द्वारा आज 50 नग 36 वॉट के स्ट्रीट लाइट खरीद कर नगर पंचायत को दिया गया। इसको लेकर नगर के ग्रामीणों में हर्ष है।

इसके अलावा ग्रामीणों का कहना है कि इतिहास में पहली बार पार्षदों की ऐसी अनोखी पहल ने शिवरीनारायण नगर के लोगो की भरोसा पर खरी उतरी है। खासबात यह भी है कि नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत ने बताया कि नगर पंचायत के सीएमओ द्वारा बिना ऑफिस टेबल,खरीदे सप्लायर को 3 लाख रुपया की भुगतान राशि भुगतान किया गया,बिना बोर करवाए सब मार्सिबल पम्प,स्टार्स पाईप का ठेकेदार को 1 लाख 43 हजार 949 रुपए का भुगतान किया। 32 हजार रुपया के वॉटर कुलर को एक-एक लाख में खरीदा गया है। 4 हजार के थ्री सीटर (हॉस्पिटल चेयर) को 18-18 हजार रुपया में खरीदा गया है कही न कही से देखा जाएं तो नगर पंचायत के सीएमओ द्वारा नगर पंचायत के पैसा बंदर बाट कर दिया गया यह कोई और नहीं बल्कि नगर पंचायत के अध्यक्ष राहुल थवाईत कह रहे है। 950 मीटर नाली को बिना परिषद के स्वीकृति लिए 598 मीटर रिवाइज करवा दिया गया,जेसीबी रिपेयरिंग के नाम से भ्रष्टाचार किया गया सफाई सामग्री खरीदी में जम कर भ्रष्टाचार किया। चौपाटी में सीसी टीवी कैमरा के नाम से 3 लाख का भुगतान किया गया ऐसे समय में शिवरीनारायण के 15 पार्षदों ने मिल कर 50 नग एलईडी स्ट्रीट लाइट नगर पंचायत को समर्पित किया गया। जो आम नागरिकों के लिए मानवता की मिशाल पेश किया गया है। जिस एलईडी लाइट में 2 साल के पीस टू पीस वारंटी है। इसके अलावा किसी ने भी यह नहीं देखा कि ये लोग भाजपा,कांग्रेस, निर्दलीय पार्टी के पार्षद है बल्कि इन लोगों ने मानवता ही देखी और जहां जहां जरूरत है वहां वहां के लिए सभी पार्षदों ने मिल कर नगर के लिए सहयोग किया। इस कार्य से नगर में हर्ष व्याप्त है।


नगर पंचायत को एलईडी लाइट सौंपते पार्षद।

